# लोक शिक्षण संचालनालय
## छत्तीसगढ़
**प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर**
फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com


क्रमांक / सी.भ.2023 / स.शि. / 2025 / 35 नवा रायपुर, दिनांक 24 / 01 / 2025

## प्रेस विज्ञप्ति

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, छ.ग. के पारित निर्णय के अनुक्रम में **सहायक शिक्षक पद** की **पंचम चरण** की भर्ती प्रक्रिया 05 फरवरी, 2025 से प्रारंभ की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि न्यायालयीन निर्देशानुसार सीधी भर्ती 2023 में बी.एड. अर्हता के आधार पर चयनित सहायक शिक्षकों की सेवायें विभाग द्वारा समाप्त की गई है, उनके स्थान पर भर्ती परीक्षा में शामिल डी.एड. अर्हताधारियों को पंचम चरण की काउंसिलिंग में चयन का अवसर प्रदान किया जायेगा। भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in/ में लॉगिन कर काउंसिलिंग में शामिल हो सकेंगे।

शालाओं के आबंटन पश्चात् अभ्यर्थियों का **दस्तावेज सत्यापन आबंटित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जायेगा।** अभ्यर्थी समस्त आवश्यक मूल अभिलेखों सहित निर्धारित समयावधि में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में उपस्थिति प्रदान करेगें।

काउंसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन की समय–सारिणी संलग्न सूचना पत्र के अनुसार है।

**संलग्न** :– सूचना पत्र दिनांक 24.01.2025 ।

**सहायक संचालक**
**लोक शिक्षण संचालनालय**
**छत्तीसगढ़**

D drive/E/2025/letter 2025

# लोक शिक्षण संचालनालय

## छत्तीसगढ़

प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक / सी.भ.2023 / सहा.शि. / 2025 / 34 नवा रायपुर, दिनांक 25 / 01 / 2025

## शिक्षक सीधी भर्ती–2023

## / / सूचना / /

शिक्षक भर्ती परीक्षा–2023 लिखित परीक्षा के परिणाम व्यापम द्वारा दिनांक 02.07.2023 को घोषित किए गये है। परीक्षा परिणाम व्यापम की वेबसाईट http://vyapam.cgstate.gov.in/result/ result.html में देखे जा सकते है।

2. इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया ऑनलाईन काउंसिलिंग के माध्यम से की जायेगी। ऑनलाईन काउंसिलिंग की विस्तृत प्रक्रिया स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in पर देखी जा सकती है।

3. माननीय उच्च न्यायालय, छ.ग. द्वारा याचिका क्रमांक 5788 / 2023 में पारित निर्णय के अनुक्रम में **सहायक शिक्षक पद** की **पंचम चरण** की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ किया जाना है। पंचम चरण की काउंसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये निम्नानुसार समय–सारिणी निर्धारित किए गए है:–

| स.क्र. | गतिविधि | प्रस्तावित समयावधि |
|---|---|---|
| 1 | पांचवे चरण की आनलाईन काउंसिलिंग हेतु मेरिट सूची जारी किया जाना। | दिनांक 05.02.2025 |
| 2 | शाला आबंटन हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग। | दिनांक 07.02.2025 से 12.02.2025 तक |
| 3 | काउंसिलिंग में शामिल अभ्यर्थियों को चिप्स द्वारा शालाओं का आबंटन। | दिनांक 14.02.2025 को संध्या 05:00 बजे तक |
| 4 | आबंटित जिले में नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन एवं पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करना | दिनांक 27.02.2025 से 03.03.2025 तक |
| 5 | चयनित अभ्यर्थियों के लिये कार्यभार ग्रहण की अवधि। | आदेश दिनांक से 15 मार्च, 2025 तक |

संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय

D drive/E/2025/letter 2025